भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 117 का उत्तर

टिकट वेंडिंग मशीनों की मरम्मत

117. डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा:
श्री शंकर लालवानी:
डॉ. भारतीबेन डी. श्याल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अधिकांश टिकट वेंडिंग मशीनें खराब हैं और महीनों से उनकी मस्म्मत नहीं हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार खराब मशीनों को समयबद्ध तरीके से ठीक कराने का है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) देश में वर्तमान में स्थापित टिकट वेंडिंग मशीनों की संख्या कितनी है; और

(घ) इन मशीनों के मरम्मत कार्य के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): जी नहीं।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): भारतीय रेल में नवम्बर, 2022 माह के दौरान कुल 2938 अदद स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों और 11 करेंसी परिचालित टिकट वेंडिंग मशीनों द्वारा टिकट बिक्री की सेवाएं प्रदान की जा रही है।

(घ): टिकट वेंडिंग मशीनें जीवट आयु की शेष दो वर्षों के लिए पोस्ट वारंटी व्यापक एएमसी (वार्षिक अनुरक्षण ठेका) सेवाओं सहित 03 वर्षों की वारंटी के तहत कवर है। किसी भी प्रकार के मरम्मत कार्य को एएमसी के तहत निष्पादित किया जाता है।

****